## सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

### माननीय प्रबन्ध परिषद की 59वीं बैठक दिनाँक 10 फरवरी, 2025 का कार्यवृत्त

माननीय प्रबन्ध परिषद की 59वीं बैठक दिनाँक 10 फरवरी, 2025 को अपरान्ह 02:30 बजे से सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में सम्पन्न हुई। बैठक में माननीय सदस्यों की उपस्थिति निम्नवत् रही हैः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डा0 के0के0 सिंह, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | श्री राजीव कुमार सिंह, मा0 विधायक | सदस्य |
| 3. | श्री रफीक अंसारी, मा0 विधायक | सदस्य |
| 4. | श्री रवीन्द्र, प्रमुख सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | सदस्य |
| 5. | डा0 जितेन्द्र कुमार तोमर, निदेशक कृषि, उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | सदस्य |
| 6. | डा0 सीमा जग्गी, सहायक महानिदेशक, आई0सी0ए0आर0, नई दिल्ली। | सदस्य |
| 7. | श्री देवव्रत त्यागी, प्रगतिशील कृषक | सदस्य |
| 8. | श्री अतुल कुमार सिंह, अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, मेरठ मण्डल, मेरठ (अपर मुख्य सचिव वित्त, उ0प्र0 के प्रतिनिधि)। | सदस्य |
| 9. | डा0 मनोज कुमार अग्रवाल, अपर निदेशक, पशुपालन, मेरठ मण्डल, मेरठ (निदेशक पशुपालन, उ0प्र0 के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 10. | श्री पंकज कुमार चतुर्वेदी, वित्त नियंत्रक | सदस्य सचिव |

मा0 प्रबन्ध परिषद के अध्यक्ष एवं वित्त नियन्त्रक, सदस्य सचिव द्वारा विश्वविद्यालय की मा0 प्रबन्ध परिषद के मा0 सदस्यों का स्वागत किया गया। तदोपरांत बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

पंकज कुमार चतुर्वेदी
वित्त नियन्त्रक
स0व0प0 कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

डा0 के.के. सिंह
कुलपति
स.व.प.कृषि एवं प्रौ.वि.वि. मेरठ

**प्रस्ताव संख्या 59.1 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 58वीं बैठक दिनाँक 21 अक्टूबर, 2024 के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

मा0 प्रबन्ध परिषद की 58वीं बैठक दिनांक 21 अक्टूबर, 2024 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

(कार्यवाहीः वित्त नियन्त्रक)

**प्रस्ताव संख्या 59.2 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 58वीं बैठक दिनाँक 21 अक्टूबर, 2024 के निर्णयों की अनुपालन आख्या।**

मा0 प्रबन्ध परिषद की 58वीं बैठक दिनांक 21 अक्टूबर, 2024 के निर्णयों की अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया।

(कार्यवाहीः वित्त नियन्त्रक)

**प्रस्ताव संख्या 59.3 : विश्वविद्यालय की वित्त समिति की 21वीं बैठक दिनांक 12 नवम्बर, 2024 के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**

विश्वविद्यालय की वित्त समिति की 21वीं बैठक दिनांक 12.11.2024 (ऑनलाईन मोड) में आयोजित बैठक में विश्वविद्यालय परिसर में स्थित महाविद्यालयों, छात्रावासों, प्रशासनिक भवन की मरम्मत/अनुरक्षण कार्य एवं परिसर में स्थित विभिन्न श्रेणियों के आवासों की मरम्मत/ अनुरक्षण कार्य तथा परिसर में स्थित पुरानी आवासीय कालोनी के विभिन्न श्रेणियों के आवासों की मरम्मत/अनुरक्षण सम्बन्धी कार्यों की महत्ता विश्वविद्यालय एवं छात्रहित में एवं नैक एक्रेडेशन के दृष्टिगत तथा छात्र/छात्राओं को मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराने के लिए उपर्युक्त कार्यों को शासन द्वारा नामित कार्यदायी संस्था से सम्पादित कराने हेतु प्रारम्भिक तौर पर रू0 300.00 लाख (रू0 तीन करोड़ मात्र) की धनराशि विश्वविद्यालय के शिक्षण मद के अन्तर्गत शासन द्वारा नामित कार्यदायी संस्था से सम्पादित कराने हेतु विश्वविद्यालय के शिक्षण मद से व्यय किये जाने हेतु विश्वविद्यालय की वित्त समिति की स्वीकृति



पंकज कुमार चतुर्वेदी
वित्त नियन्त्रक
स०व०प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

डा० के.के. सिंह
कुलपति
स.व.प. कृषि एवं प्रौ.वि.वि. मेरठ

उपरांत विश्वविद्यालय की मा0 प्रबन्ध परिषद के मा0 सदस्यों से परिसंचलन (By Circulation) के माध्यम से किये गये अनुमोदन का मा0 सदस्यों द्वारा अवलोकन किया गया।

(कार्यवाहीः वित्त नियन्त्रक/प्रभारी अधिकारी, मरम्मत एवं अनुरक्षण)

**प्रस्ताव संख्या 59.4 : श्रीमती लक्ष्मी मिश्रा, पूर्व वित्त नियन्त्रक, कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ को स्थानान्तरण के उपरान्त विश्वविद्यालय के शासकीय आवास में जून–2025 तक निवासित रहने की अनुमति प्रदान करने से सम्बन्धित प्रस्ताव।**

श्रीमती लक्ष्मी मिश्रा, पूर्व वित्त नियन्त्रक, कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा स्थानान्तरण के उपरान्त विश्वविद्यालय के शासकीय आवास में जून–2025 तक निवासित रहने की अनुमति चाहे जाने के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि श्रीमती लक्ष्मी मिश्रा, पूर्व वित्त नियन्त्रक, कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ का स्थानान्तरण विश्वविद्यालय से मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ में हो जाने के उपरांत उनके द्वारा माह–जुलाई, 2024 से मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ के वित्त नियन्त्रक का कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है।

उपरोक्त प्रस्ताव के संदर्भ में मा0 प्रबन्ध परिषद ने श्रीमती लक्ष्मी मिश्रा, पूर्व वित्त नियन्त्रक, कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा स्थानान्तरण के उपरान्त विश्वविद्यालय के शासकीय आवास में जून–2025 तक निवासित रहने की अनुमति पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(कार्यवाहीः वित्त नियन्त्रक/प्रभारी अधिकारी, परिसम्पत्ति)**

पंकज कुमार चतुर्वेदी
वित्त नियन्त्रक
स०व०प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

डा० के.के. सिंह
कुलपति
स.व.प. कृषि एवं प्रौ.वि.वि. मेरठ

प्रस्ताव संख्या 59.5 : सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के अन्तर्गत उ0प्र0 शासन द्वारा सृजित गैर शैक्षणिक संवर्ग (समूह–ग) के रिक्त कुल 38 पदों को उ0प्र0 राज्य अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से भरे जाने के लिए उ0प्र0 शासन द्वारा जारी सेवा नियमावली व शासनादेशों को अंगीकृत करने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।

उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, परीक्षा अनुभाग–2, लखनऊ के पत्र संख्या 247/23/चार/आयोग/2021 दिनांक 19 मई, 2023 के द्वारा विश्वविद्यालय के समूह–ग के पदों का उत्तर प्रदेश शासन के अद्यतन अधिनियम/नियमों/शासनादेशों के अनुसार सीधी भर्ती के रिक्त पदों की गणना करते हुये उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के पोर्टल पर अपलोड किये जाने के निर्देश दिये गये थे। उपरोक्त के अनुपालन में विश्वविद्यालय के समूह–ग के पदों का उत्तर प्रदेश शासन के अद्यतन अधिनियम/नियमों/ शासनादेशों के अनुसार सीधी भर्ती के रिक्त पदों की गणना करते हुये निर्धारित प्रारूप पर अधियाचन दिनांक 23.03.2024 को उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के पोर्टल पर अपलोड किया गया था।

इस संबंध में उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा दिनांक 07.06.2024 द्वारा लगायी गयी आपत्तियों का निस्तारण करते हुये विश्वविद्यालय द्वारा उत्तर प्रदेश शासन के अद्यतन अधिनियम/नियमों/शासनादेशों के अनुसार क्षैतिज आरक्षण निर्धारित करते हुये व आपत्तियों में दिये गये निर्देशों के अनुसार संशोधन करते हुये संशोधित विवरण के उपरान्त विश्वविद्यालय में रिक्त शिक्षणेत्तर समूह–'ग' के कुल 38 (सम संख्या में) पदों का अधियाचन को ई–अधियाचन पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है।

उक्त अधियाचन में प्रेषित पदों के लिये उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा लगायी गयी आपत्तियों को दृष्टिगत



पंकज कुमार चतुर्वेदी
वित्त नियन्त्रक
स०व०प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

डा० के.के. सिंह
कुलपति
स.व.प. कृषि एवं प्रौ.वि.वि. मेरठ

रखते हुये उ0प्र0 शासन द्वारा आशुलिपिक संवर्ग, लेखा संवर्ग व अन्य संवर्गों के लिये जारी सेवानियमावली व शासनादेशो के अनुसार शैक्षिक योग्यता, आर्हता अधिमानी आर्हता, भर्ती की अधिकतम व न्यूनतम आयु सीमा, परिवीक्षा अवधि, जातीय आरक्षण, द्विव्यागंजन के लिये निर्धारित आरक्षण, महिला आरक्षण आदि निर्धारित करते हुये अधियाचन प्रेषित किये गये है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा सहमति प्रदान की गयी कि उपर्युक्त अधियाचन के अन्तर्गत विभिन्न पदों की नियमावली स्पष्ट न होने की स्थिति में प्रारम्भिक तौर पर अपने स्तर से नियमावली तैयार करते हुए मा0 प्रबन्ध परिषद की आगामी बैठक में प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाये।

**(कार्यवाहीः निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण)**

**प्रस्ताव संख्या 59.6 : विश्वविद्यालय के तकनीकी महाविद्यालय, कटाई उपरान्त प्रौद्योगिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण महाविद्यालय, कृषि महाविद्यालय, जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय तथा उद्यान महाविद्यालय के विभिन्न पदों पर हुये साक्षात्कार के लिफाफे खोले जाने के संबंध में प्रस्ताव।**

मानीय प्रबन्ध परिषद के मा0 सदस्यों के अनुमोदन उपरांत विश्वविद्यालय के तकनीकी महाविद्यालय, कटाई उपरान्त प्रौद्योगिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण महाविद्यालय, कृषि महाविद्यालय, जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय तथा उद्यान महाविद्यालय के रिक्त एवं शासन द्वारा स्वीकृत पदों पर हुए साक्षात्कार के उपरान्त चयनित अभ्यर्थियों के बन्द लिफाफों को खोले जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों के प्राध्यापक, सह–प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापकों के कुल 27 पदों के लिफाफे खोले गये, जिसमें 20 पदों पर चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति की सहमति प्रदान की गयी तथा 07 पदों पर चयन



पंकज कुमार चतुर्वेदी
वित्त नियन्त्रक
स०व०प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

डा० के.के. सिंह
कुलपति
स.व.प.कृषि एवं प्रौ.वि.वि, मेरठ

समिति के किसी भी अभ्यर्थी के योग्य न पाये जाने के निर्णय का अनुमोदन किया गया। मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यों द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र निर्गत करने हेतु सर्वसम्मति से सहमति दी गयी।

(कार्यवाहीः निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण)

**प्रस्ताव संख्या 59.7 : विश्वविद्यालय परिसर में पी0आर0टी0सी0 मार्ग पर स्थित टाईप–1 के 162 आवासों (टाईप–ए0, बी0 एवं सी0 ब्लॉक), टाईप–2 के 08 आवास (शहीद भगत सिंह छात्रावावास के पश्चिम दिशा में स्थित) तथा उद्यान अनुसंधान केन्द्र की ओर जाने वाले मार्ग पर बॉयी ओर स्थित टाईप–2 के (13/1 से 13/4 तक कुल 04 आवास) एवं टाईप–3 के 08 आवासों को विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं हेतु छात्रावास के रूप में उपयोग किये जाने से सम्बन्धित प्रस्ताव।**

विश्वविद्यालय परिसर में पी0आर0टी0सी0 मार्ग पर स्थित टाईप–1 के 162 आवासों (टाईप–ए0, बी0 एवं सी0 ब्लॉक), टाईप–2 के 08 आवास (शहीद भगत सिंह छात्रावावास के पश्चिम दिशा में स्थित) तथा उद्यान अनुसंधान केन्द्र की ओर जाने वाले मार्ग पर बॉयी ओर स्थित टाईप–2 के (13/1 से 13/4 तक कुल 04 आवास) एवं टाईप–3 के 08 आवासों को विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं हेतु छात्रावास के रूप में उपयोग में लाया जाना प्रस्तावित है।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ में कुल 2183 छात्र/छात्रायें अध्ययनरत है। विश्वविद्यालय में महिला एवं पुरूष छात्रावासों की कमी के कारण छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय में निवासित करने हेतु टाईप–1 (162 आवास), टाईप–2 (12 आवास) एवं टाईप–3 (08 आवास) के रिक्त पड़े आवासों को पुरूष एवं महिला छात्रावास के रूप में उपयोग में लाया जाना प्रस्तावित है, जिनमें लगभग 400 छात्र/छात्राओं को निवासित किया जायेगा।

उपरोक्त प्रस्ताव पर माननीय प्रबन्ध परिषद के मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(कार्यवाहीः अधिष्ठाता छात्र कलयाण/प्रभारी अधिकारी, मरम्मत एवं अनुरक्षण/वित्त नियन्त्रक)**

डा० के.के. सिंह
कुलपति
स.व.प.कृषि एवं प्रौ.वि.वि, मेरठ



पंकज कुमार चतुर्वेदी
वित्त नियन्त्रक
स०व०प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय मेरठ–250110

**प्रस्ताव संख्या 59.8 : विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की 93वीं बैठक दिनांक 04.02.2025 में लिये गये निर्णयों के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की 93वीं बैठक दिनांक 04.02.2025 में लिये गये निर्णयों पर मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मत्ति से अनुमोदन प्रदान किया गया। उपर्युक्त बैठक में निम्नवत बिन्दुओं पर अवगत कराया गया/अभिमत व्यक्त किया गयाः–

1. विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की 93वीं बैठक दिनांक 04.02.2025 में संकल्प संख्या–02 पर विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में प्रवेश हेतु पाठ्यक्रमों वार सीटों की संख्या एवं अर्हता का निर्धारण किया गया।
2. संकल्प संख्या–3 पर तकनीकी महाविद्यालय के अन्तर्गत विभिन्न पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ करने तथा शैक्षणिक सत्र 2025–26 में प्रवेश के सम्बन्ध में लिए गये निर्णय पर मा0 प्रबन्ध परिषद को अवगत कराया गया।
3. संकल्प संख्या–04 पर विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में Study in India Portal के माध्यम से विदेशी छात्रों के बिना प्रवेश परीक्षा दिये, विश्वविद्यालय में प्रवेश देने हेतु अर्हता, मापदण्ड एवं प्रवेश शुल्क निर्धारण के लिए एक समिति का गठन किये जाने हेतु सहमति व्यक्त की गयी।
4. संकल्प संख्या–05 पर कृषि महाविद्यालय से कृषि अभियंत्रण विभाग को तकनीकी महाविद्यालय में विलय एवं पाठ्यक्रमों के नामकरण बदले जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।
5. संकल्प संख्या–06 पर विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित उद्यान महाविद्यालय, तकनीकी महाविद्यालय एवं कटाई उपरांत प्रौद्योगिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण महाविद्यालय के लिए



पंकज कुमार चतुर्वेदी
वित्त नियन्त्रक
स०व०प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

डा० के.के. सिंह
कुलपति
स.व.प.कृषि एवं प्रौ.वि.वि.मेरठ

शासन द्वारा स्वीकृत पदों का विभागावार/विषयवार वितरण करने के सम्बन्ध में।

6. कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा विभिन्न विश्वविद्यालयों/संस्थानों/विभागों से किये गये कुल 05 एम0ओ0यू0 के सम्बन्ध में भी मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया।

7. विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की 93वीं बैठक दिनांक 04.02.2025 में संकल्प संख्या–12 पर Seed Money निर्धारित करने से सम्बन्धित प्रस्ताव एवं संकल्प संख्या–13 पर VI Dean Committee Recommendation में परीक्षा में दी गयी व्यवस्था में संशोधन एवं संकल्प संख्या–14 पर इस प्रस्ताव पर अनुमोदन से सम्बन्धित जानकारी दी गयी।

8. संकल्प संख्या–15 (1) पर विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित एंव भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा शत–प्रतिशत वित्त पोषित कृषि विज्ञान केन्द्रों के लिए Senior Scientist cum Head के पूर्व में विज्ञापिन विज्ञापन संख्या I/2021 द्वारा कुल 10 पदों के विज्ञापन को निरस्त कर पूर्व में विज्ञापित पदों के साथ शेष 03 पदों के साथ कुल 13 पदों को विज्ञापित करने के सम्बन्ध में एवं संकल्प संख्या–15 (2) पर विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा शत–प्रतिशत वित्त पोषित कृषि विज्ञान केन्द्रों के लिये Subject Matter Specialist/T6 के रिक्त पदों के विज्ञापन, शैक्षिक योग्यता, आवेदन–पत्र एवं स्कोर कार्ड की स्वीकृति के सम्बन्ध में प्रस्ताव तथा संकल्प संख्या–15 (3) पर विश्वविद्यालय के विज्ञापन संख्या I/2023, III/2023 एवं IV/2023 द्वारा विज्ञापित पदों के सापेक्ष साक्षात्कार की प्रक्रिया पूर्ण होने/परिणाम घोषित होने के उपरांत रिक्त रह गये पदों को पुनः विज्ञापित करने की सूचना मा0 सदस्यों को दी गयी। इस सम्बन्ध में प्रमुख सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग,



पंकज कुमार चतुर्वेदी
वित्त नियन्त्रक
स०व०प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

डा० के.के. सिंह
कुलपति
स.व.प.कृषि एवं प्रौ.वि.वि, मेरठ

उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ द्वारा अभिमत व्यक्त किया गया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा शत–प्रतिशत वित्त पोषित कृषि विज्ञान केन्द्रों के लिये विभिन्न पदों हेतु गैर शैक्षणिक पदों में विज्ञापित कराने एवं इन कार्मिकों की सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष निर्धारित की जानी चाहिए।

**(कार्यवाहीः निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण/कुलसचिव/निदेशक प्रसार)**

**प्रस्ताव संख्या 59.9 : कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ के विभिन्न न्यायालयों में चल रहे वादों की पैरवी हेतु अधिवक्ता श्री वीरेन्द्र कुमार त्यागी के पारिश्रमिक में 10 प्रतिशत की वृद्धि करने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

कृपया कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ के विभिन्न न्यायालयों में चल रहे वादों की पैरवी हेतु अधिवक्ता श्री वीरेन्द्र कुमार त्यागी, अधिवक्ता के अनुरोध पर उनको प्रतिमाह देय पारिश्रमिक रू0 10890/– मात्र में 10 प्रतिशत वृद्धि करते हुए दिनांक 01 जुलाई, 2025 से प्रतिमाह रू0 11979/– मात्र पारिश्रमिक दिये जाने हेतु मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(कार्यवाहीः कुलसचिव/अध्यक्ष विधिक समिति)**

**उपरोक्त बिन्दुओं के अतिरिक्त मा0 सदस्यों द्वारा निम्नवत अभिमत व्यक्त किये गयेः–**

1. श्री राजीव कुमार सिंह, मा0 विधायक द्वारा अभिमत व्यक्त किया गया कि कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ को अपने स्तर से विदेशी संस्थानों से भी एम0ओ0यू0 करने की आवश्यकता है, जिसके लिए मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यों/विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को कृषि के क्षेत्र में प्रगतिशील देशों में भ्रमण हेतु व्यवस्था बनायी जानी चाहिए।

**(कार्यवाहीः कुलसचिव)**



पंकज कुमार चतुर्वेदी
वित्त नियन्त्रक
स0व0प0 कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

डा0 के.के. सिंह
कुलपति
स.व.प. कृषि एवं प्रौ.वि.वि, मेरठ

वित्त नियन्त्रक द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी माननीय सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया और धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई।

10/02/25

(पंकज कुमार चतुर्वेदी)
वित्त नियंत्रक / सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद

पंकज कुमार चतुर्वेदी
वित्त नियन्त्रक
स०व०प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

अनुमोदित

10/02/25

(डा0 के0के0 सिंह)
कुलपति / अध्यक्ष, मा0 प्रबन्ध परिषद

डा० के.के. सिंह
कुलपति
स.व.प.कृषि एवं प्रौ.वि.वि. मेरठ